Office of the
Children's Guardian

NDIS Worker Check

एनडीआईएस वर्कर चेर

आवेदकों केलिए जानकारी

www.ocg.nsw.gov.au

जून 2024

पात्रता

आप एनडीआईएस कार्यकर्ता जाँच (NDIS वर्कर चेक) के लिए आवेदन करने के पात्र हैं यदि आप:

- NDIS का कार्य कर रहे हैं और आपका एक नियोक्ता है जो आपके आवेदन को सत्यापित करेगा
- न्यू साउथ वेल्स या किसी अन्य राज्य या राज्य-क्षेत्र में आपका NDIS वर्कर स्क्रीनिंग आवेदन नहीं चल रहा है
- न्यू साउथ वेल्स या किसी अन्य राज्य या राज्य-क्षेत्र से आपके पास मौजूदा NDIS वर्कर स्क्रीनिंग क्लीयरेंस नहीं है (जब तक कि यह समाप्त होने से 3 महीने से कम समय पहले का न हो)
- न्यू साउथ वेल्स या किसी अन्य राज्य या राज्य-क्षेत्र से आपको मौजूदा NDIS वर्कर स्क्रीनिंग निषेध नहीं है
- पिछले 12 महीनों में, आपका आवेदन रद्द नहीं हुआ है क्योंकि आप जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता का अनुपालन करने में विफल रहे हैं।

यदि आप आवेदन करते हैं और आप पात्र नहीं हैं, तो आपका आवेदन बिना किसी धन की वापसी (रीफंड) के रद्द कर दिया जाएगा।

आवेदन करने के लिए आपको क्या चाहिए

आवेदन करने से पहले, आपको ये सब चाहिए होगा:

- MyServiceNSW खाता
- पहचान के चार दस्तावेज़
- आपके नियोक्ता की NDIS गुणवत्ता और सुरक्षा आयोग (क्वालिटी एंड सेफ़गार्ड्स कमीशन) पंजीकरण संख्या या उनका नाम (आपके नियोक्ता को आपको यह देना चाहिए)
- अपना व्यक्तिगत ईमेल पता और मोबाइल फ़ोन नंबर। अपने कार्य संपर्क विवरण का उपयोग न करें
- यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक का व्यक्तिगत विवरण, फ़ोन नंबर, ईमेल पता और आपके आवेदन के लिए उनकी सहमति।

आवेदन करने के चरण

चरण 1: ऑनलाइन आवेदन दर्ज करें

- NSW ऑफ़िस ऑफ़ द चिल्ड्रन गार्डियन वेबसाइट के शीर्ष पर ' Apply for NDISWC (NDISWC के लिए आवेदन करें)': www.ocg.nsw.gov.au पर क्लिक करें
- अपने MyServiceNSW खाते में लॉग इन करें (या यदि आपके पास खाता नहीं है तो खाता बनाएँ)
- ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के लिए संकेतों का पालन करें
- आपको आवेदन संख्या के साथ एक पुष्टिकरण ईमेल भेजा जाएगा

चरण 2: 14 दिनों (2 सप्ताह) के अन्दर Service NSW केंद्र पर जाएँ

- अपने पुष्टिकरण ईमेल में दी गई आवेदन संख्या और पहचान के मूल दस्तावेज़ Service NSW केंद्र पर लाएँ। यदि आपका कोई भी पहचान दस्तावेज़ अंग्रेजी में नहीं है, तो आपको आधिकारिक रूप से अनुवादित दस्तावेज़ प्रदान करने होंगे।
- यदि लागू हो, तो किसी भी नाम परिवर्तन (विवाह प्रमाणपत्र या नाम परिवर्तन प्रमाणपत्र) का प्रमाण पत्र लाएँ
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें ($80, या स्वयंसेवकों के लिए नि:शुल्क)
- अपनी फ़ोटो खिंचवाएँ
- Service NSW आपके आवेदन की समीक्षा करेगा, फिर इसको संसाधित करने के लिए हमारे पास भेजेगा।

चरण 3: आपका नियोक्ता आपके आवेदन को सत्यापित करेगा

- हम आपके आवेदन की समीक्षा करके जाँच करेंगे कि यह वैध है या नहीं। अगर हमें आपसे अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होगी, तो हम ईमेल द्वारा आपसे संपर्क करेंगे।
- जब आपका आवेदन वैध पाया जाता है, तो हम इसे NDIS वर्कर स्क्रीनिंग डेटाबेस में भेज देते हैं।
- आपके NDIS नियोक्ता को आपके आवेदन को सत्यापित करने के लिए एक ईमेल भेजा जाएगा। ऐसा करने के लिए उनके पास 30 दिन हैं।
- जब आपका नियोक्ता आपके आवेदन को सत्यापित कर लेगा, तो आपको हमारी ओर से एक पुष्टिकरण ईमेल प्राप्त होगा।

अधिक जानकारी अंग्रेज़ी में

www.ocg.nsw.gov.au/ndis-worker-check-ndiswc/ndiswc-apply-and-manage/how-apply

टीआईएस नेशनल दुभाषिया सेवा: www.tisnational.gov.au